हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार 23 जुलाई 2026

12 हॉकी में बापोड़ा व खरक कला की टीम ने अपने...



12 चरखी दादरी रेलवे स्टेशन पर बनेगा दूसरा फुट...



GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING
Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak
REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available
P.B. B.Sc. NURSING 2 Years GNM Pass
GNM 3 Years 12th Any Stream No Fees for S.C. Students
ANM 2 Years 12th Any Stream No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING 4 Year | 10+2 (Medical)
Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933

मसाला चाय
सागर
STRONG Tea
ब्लैक डायमंड
REQUIRED : SALES PERSON
Mob: 92152-43212

# सत्रह मांगों पर सहमति के बावजूद एरियर हजम करना चाहती है सरकार

## पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार को ज्ञापन भेजकर लगाया वादाखिलाफी का आरोप

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने जिला उपायुक्त कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। शहर में जुलूस निकालते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।



भिवानी। मांगों को लेकर सचिवालय में अधिकारी को ज्ञापन सौंपते प्रदर्शनकारी।

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा(सीटू) के आह्वान पर जिले के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने पुराना बस अड्डा भिवानी से उपायुक्त कार्यालय तक रोष प्रदर्शन करते हुए जिला उपायुक्त के मार्फत पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार के नाम ज्ञापन जिला कल्याण अधिकारी राजकुमार को सौपा। आज के रोष प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन जिला उपाध्यक्ष मोहनलाल ने की व मंच संचालन भिवानी ब्लांक नेता सुमित कुमार ने किया। सफाई कर्मीयों की सभा को सम्बोधित करते हुए सीटू जिला सचिव कामरेड अनिल कुमार ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मीयों की 15 दिन की हड़ताल व पैदल यात्रा के दबाव में पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार व समाज कल्याण मंत्री कृष्ण बेदी के साथ हुई बातचीत में 17 मांगो पर सहमति बनी थी व एक माह के अन्दर सभी मागों बारे पत्र जारी करने बारे सहमति बनी थी। जिस उपरांत एक माह पूर्व विभाग की ओर से 1 जुलाई से 2100 रूपयें बढौतरी का पत्र जारी किया गया हैं जो अधूरा जबकि यूनियन के साथ सहमति से 1 जनवरी वेतन बढौतरी का तय हुआ था। सरकार ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का 6 माह का 12600 रूपयें एरियर को हजम करना चाहती हैं जिसे किसी भी सूरत में बर्दास्त नही किया जायेगा। यूनियन राज्य कमेटी के आह्वान पर 21 जुलाई से 23 जुलाई तक सभी जिलों में प्रदर्शन करके सरकार से मांगों को लागू करने की मांग की गई। आज के रोष प्रदर्शन को सीटू जिला सचिव कामरेड अनिल कुमार, जिला उपाध्यक्ष भीम सिंह, यूनियन नेता सुमित, मोहनलाल, संजय अमीरवास, राममेहर पपोसा, अनिल बरालु, बीरभान, राजेन्द्र, मंजीत आदि ने भी विचार रखे।

### ज्ञापन में प्रमुख मांगें

यूनियन ने पंचायत मंत्री को ज्ञापन भेजकर वेतन बढौतरी का 6 महिने के एरियर 12600 रूपयें का पत्र जारी करने। 16 मांगो को तुरंत प्रभाव से लागू करते हुए पत्र जारी करने व सभी ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को एक कलम से पक्का करने की मांग की गई। यूनियन ने जल्द से जल्द मांगे लागू न होने पर 10 अगस्त को जिला उपायुक्त कार्यालय पर होने वाले सत्याग्रह में शामिल होने व सितम्बर माह में प्रदेश भर से दो पद यात्राए निकालने का निर्णय लिया गया।



बहल। यूरोपीय देशों के साथ हुई ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन करते ह किसान।

# मांगों को लेकर ओबरा गांव में गरजे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

अमेरिका और अन्य यूरोपीय देशों से व्यापारिक समझौते के विरोध में अखिल भारतीय किसान सभा ने ओबरा गांव में रोष प्रदर्शन किया। किसानों ने समझौते की प्रतियां जलाई और इसे रद्द करने की मांग की। प्रदर्शन में स्कूली विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

बुधवार को अखिल भारतीय किसान सभा तहसील बहल के पदाधिकारी ओबरा गांव में एकत्रित हुए। उनके साथ स्कूल के विद्यार्थी भी मौजूद रहे। किसान नेताओं ने कहा कि देश की सरकार किसानों के हितों पर अत्याचार करने पर आमदा है। हाल ही में सरकार ने अमेरिका व अन्य यूरोपीय देशों के साथ जो ट्रेड डील का ड्राफ्ट तैयार किया है वो पूरी तरह से किसान और खेती को बर्बाद करने वाला है। किसानों ने ट्रेड डील की प्रतियां जलाई और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तहसील सचिव मीर सिंह ने दिल्ली में शांति पूर्वक संसद मार्च कर रहे छात्रों पर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए कहा कि आज देश शैक्षणिक दृष्टि से पतन के गर्त में धकेल दिया गया है। प्रदर्शन में राम सिंह, विजय सिंह ओबरा,मनफूल, श्रीचंद, सतबीर, दलबीर चहड़ कलां,शेर सिंह चैहड़ कलां, कृष्ण, बलवान, संदीप हसान,रण सिंह गुर्जर,हरपाल, राजेश, राजकुमार जांगड़ा सहित अनेक किसान व छात्र मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पंखे का तार लगाते समय करंट से युवक की मौत

**चरखी दादरी।** दादरी के महेंद्रगढ़ रोड पर झुग्गियों में रहने वाले युवक की करंट लगने से मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम बुधवार को नागरिक अस्पताल में करवाया गया। जानकारी के अनुसार करीब 22 वर्षीय राहुल महेंद्रगढ़ रोड स्थित झुग्गियों में रहता था और फेरी लगाकर चद्दर बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता था। मंगलवार को वह पंखे का तार लगा रहा था। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आकर झुलस गया। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पाकर दादरी सिटी थाना पुलिस भी अस्पताल में पहुंची।

### हेरोइन बरामदगी मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार, आईपीएस के निर्देशानुसार मादक पदार्थों की सप्लाई करने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी है। इन्हीं निर्देशों की पालना करते हुए थाना सदर पुलिस भिवानी ने हेरोइन सप्लाई करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना सदर भिवानी पुलिस ने आरोपी दीपक उर्फ नोनी पुत्र राजबीर निवासी दिनोद को 71.46 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। इस संबंध में थाना सदर भिवानी में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। अभियोग के अनुसंधान के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी दीपक से गहन पूछताछ की।

### जेएनवी परीक्षा के लिए आवेदन 31 तक

**भिवानी।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, देवराला के प्राचार्य विनोद कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा -2027 के माध्यम से कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 31 जुलाई 2026 तक निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# 26 को लगेगा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला, पात्रों को मिलेगा लाभः एडीसी

- आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के करवाए जाएंगे विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि पंचायत भवन में 26 जुलाई को सुबह नौ बजे से पांच बजे तक आयोजित होने वाला मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला अंत्योदय परिवारों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किया गया एक सुनहरा अवसर है, जिसके तहत योजना का लाभ लेकर ये परिवार अपना जीवन स्तर ऊंचा उठा सकते हैं। परिवार का कोई एक सदस्य एक योजना का लाभ ले सकता है। योजना का लाभ लेने के लिए मौके पर ही आवेदन करवाया जाएगा। मेले को लेकर संबंधित 19 विभागों के अधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आवेदन के लिए विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। एडीसी बताया कि जिला में भिवानी विधानसभा क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए 26 को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सरकारी योजना का लाभ दिलाकर उनको समाज की मुख्य धारा में शामिल करना है। मेले में योजनाओं से संबंधित 19 विभागों द्वारा स्टॉल लगाई जाएंगी। एक लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाले व्यक्तियों को बुलाया गया है। ऐसे परिवारों में से किसी भी एक व्यक्ति को उसकी योग्यता और इच्छानुसार पात्रता के अनुरूप एक योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन करवाया जाएगा और वित्तिय सहायता प्रदान करवाई जाएगी।

# वृद्ध की वीडियो बनाकर 5 लाख की जबरन वसूली में दो महिलाओं सहित तीन आरोपी पुलिस ने किए काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। पुलिस हिरासत में बुजुर्ग से जबरन वसूली करने के आरोपी।

पुलिस सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने वृद्ध व्यक्ति की वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख की जबरन वसूली करने के मामले में मुख्य आरोपी सहित दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसारथाना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि 09 जुलाई को उनके क्राउन प्लाजा, पुराना बस स्टैंड स्थित कार्यालय में एक युवती नौकरी के संबंध में आई थी। नौकरी देने से मना करने पर युवती ने कार्यालय में बने शौचालय का उपयोग करने का आग्रह किया। इस पर पीड़ित ने वॉशरूम प्रयोग करने की अनुमति दे दी। इसी दौरान एक युवक कार्यालय में आया और वीडियो बनानी शुरू कर दी। कुछ ही देर बाद युवती शौचालय से नग्न अवस्था में बाहर आई और युवक ने शिकायतकर्ता के साथ उसकी वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शिकायतकर्ता से 05 लाख की मांग की। भयवश शिकायतकर्ता ने मौके पर 4,47,000 आरोपियों को दे दिए। घटना के चार-पांच दिन बाद आरोपियों ने पुनः फोन कर 02 लाख की अतिरिक्त मांग की। इसके बाद पीड़ित ने थाना सिविल लाइन भिवानी में शिकायत दी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी नरेंद्र पुत्र महेंद्र निवासी देवसर, भिवानी, ममता पुत्री महेंद्र सिंह निवासी उत्तम नगर, भिवानी तथा पुष्पी पुत्री राकेश निवासी नया बाजार, भिवानी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

# सड़क हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल

बवानीखेड़ा। बुधवार सुबह तोशाम में बाईपास मार्ग पर ट्राला व कार की टक्कर के दौरान कार चालक करीबन 23 वर्षीय तोशाम निवासी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह सड़क हादसा इतना भयानक था कि हादसे में कार गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और कार गाड़ी तथा ट्राला सड़क से नीचे उतरकर खेतों में जा पहुंचे। इस दौरान कार गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तो कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन-फानन में ट्राला चालक तथा राहगीरों ने तोशाम के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। जोकी हिसार के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन है। तोशाम निवासी करीबन 23 वर्षीय युवक अमनदीप गोयल बुधवार सुबह अपनी कार गाड़ी में भिवानी-तोशाम मार्ग से बाईपास मार्ग पर खानक की तरफ जा रहा था। जब वह सागवान मार्ग के नजदीक पहुंचा तो खानक की तरफ से आ रहे एक ट्राले से उसकी गाड़ी की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें अमनदीप गोयल गंभीर रूप से घायल हो गया तथा कार गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# बारिश के मौसम में शुरू हुआ आपदा सुरक्षा एवं कारसेवा अभियान

- धंसी सड़क पर गड्ढे को भर संकेतक लगाकर वाहन चालकों को किया सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति द्वारा बारिश के मौसम को देखते हुए जिले में आपदा सुरक्षा एवं कारसेवा अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का उद्देश्य आमजन और वाहन चालकों को संभावित दुर्घटनाओं से बचाने के लिए जागरूक, सतर्क और सावधान करना है। अभियान के तहत जोखिम वाले स्थानों पर संकेतक लगाकर लोगों को सचेत किया जा रहा है। भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता एवं हिट एंड रन सड़क सुरक्षा अभियान के सदस्य अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि उनके नेतृत्व में पिछले लगभग 15 वर्षों से लगातार आपदा सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से लोगों को टूटी और धंसी हुई सड़कों, सड़कों पर बने गहरे गड्ढों, बारिश के पानी से भरे खतरनाक स्थानों, टूटे हुए नालों, खुले सीवरेज मेनहोल, बिजली के करंट और अन्य संभावित खतरों के प्रति जागरूक किया जाता है। अभियान के प्रथम चरण में कार्यकर्ताओं ने एनएच-709ई पर बारिश के कारण धंसी हुई सड़क के पास चेतावनी संकेतक लगाए, ताकि आने जाने में परेशानी न हो सके।



भिवानी। बारिश के पानी की वजह से सड़क पर बने गड्ढे पर संकेतक लगाते हुए।



लोहारू। मुख्य बाजार के चौक पर जमा बरसाती पानी से गुजरते लोग।

### लोहारू क्षेत्र में दूसरे दिन भी जमकर बारिश

**लोहारू।** लोहारू क्षेत्र में मौसम का मिजाज दूसरे दिन भी बदला रहा और सुबह से ही इलाके में घरघोर घटाएं छायी रही और दिनभर रुक रुककर बरसात होती रही। दूसरे दिन इलाके में करीब 10 एमएम बरसात दर्ज की गई, जबकि बीते दिवस 40 एमएम बरसात दर्ज हुई थी। दो दिनों की बरसात से किसानों के चेहरे रौनक एवं खुशी नजर आई। बरसात फसलों के लिए वरदान मानी जा रही है। बरसात ने इलाके के लोगों को उमस भरी गर्मी से निजात दिलाई। वहीं शहर के कई निचले इलाकों में पानी जमा होने से लोगों को काफी परेशानी हुई। शहर के चौधरी देवीलाल चौक, सूरजगढ़ रोड, लोकनिर्माण विश्राम गृह, पुराना शहर के माता चौक व मुख्य बाजार में जल निकासी व्यवस्था बेहतर नहीं होने के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को दिक्कतें आई।

## बारिश ने खोली प्रशासन की पोल,जगह जगह जलभराव, आने-जाने में लोगों को परेशानी

# राजकीय महिला कॉलेज व मॉडल संस्कृति स्कूल मार्ग की सड़क बनी तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल



बहल। लोहारू रोड पर बारिश के बाद बीडीपीओ कार्यालय के समक्ष जमा पानी।

बुधवार सुबह हुई बारिश ने कस्बे की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। बारिश के बाद कस्बे में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर सड़कें तालाब जैसी नजर आई और राहगीरों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी मुश्किलें झेलनी पड़ीं। बारिश से खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) कार्यालय, राजकीय महिला कॉलेज, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल व मेचू ढाणी में जाने वाले मार्ग पर काफी दूर तक पानी भर गया। जलभराव के कारण विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम लोगों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हुई। मेचु ढाणी में जलभराव होने से उस क्षेत्र के लोग अपनी दैनिक जरूरत की चीजों के लिए भी ढाणी से मुख्य सड़क तक नहीं आ सके। ढाणी को जाने वाले मार्ग पर पानी इस कदर जमा हो गया कि वहां से पैदल भी नहीं गुजरा जा सका। कस्बे के अन्य इलाकों में भी बारिश का पानी लंबे समय तक सड़कों पर जमा रहा।

### स्थानीय लोगों ने जताई नाराजगी

स्थानीय लोगों ने जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने पर प्रशास के प्रति नाराजगी जताई। लोगों ने कहा कि जब भी बारिश होती है तो उनको इस तरह से परेशान होना पड़ता है। थोड़ी सी बारिश होते ही यही स्थिति बन जाती है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने प्रशासन से जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त कराने और जलभराव वाले स्थानों का शीघ्र समाधान करने की मांग की है ताकि आगे परेशानी का सामना न करना पड़े।

हेल्थ क्वेस्ट



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## हाई बीपी की वजह से जब महसूस हो सिरदर्द



**मेरी उम्र 43 वर्ष है। हाल ही में मुझे हाई बीपी की समस्या का पता चला। अकसर सिरदर्द और चक्कर महसूस होता है। कृपया बताएं मुझे कौन सी दवा और कैसी डाइट लेनी चाहिए?**

**-शेखर, बिलासपुर**

आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे एक हफ्ते तक बीपी मॉनिटर करेंगे। आपका बीपी कब बढ़ता है, किस समय ज्यादा होता है, इसका पता करेंगे। इसके बाद वह दवा डिसाइड करेंगे। बिना जांच के कोई भी बीपी की दवा खाना ठीक नहीं रहेगा। इसलिए डॉक्टर पूरा मॉनिटर करने के बाद ही दवा सजेस्ट करेंगे। उसे आपको रेग्युलर खाना होगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरी स्किन पर लाल-लाल दाने और रैशेज हो जाते हैं। इनमें ईचिंग होती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जितेश, जांजगीर चांपा**

आपने यह नहीं बताया कि ये दाने पानी वाले हैं या सूखे? क्योंकि दोनों तरह के दाने का कारण अलग-अलग होते हैं। फिलहाल आप इन दानों को नाखून से खुजलाएं नहीं और इन पर नारियल का तेल लगाएं। अगर ज्यादा परेशानी हो रही हो तो आप त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं। फिलहाल कोई भी एंटी एलर्जी दवा आप ना लें।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरे पैर की अंगुलियों के बीच फफोले हो जाते हैं। इससे चलने-फिरने में काफी दिक्कत होती है। कृपया बताएं कि इससे कैसे निजात पाया जाए?**

**-देवेंद्र, महासमुंद**

क्या आपके पैर बरसाती पानी में अधिक रहते हैं? क्योंकि कई बार इस पानी में गंदगी मिली होती है, जिससे पैरों में इंफेक्शन हो जाता है। अगर ऐसा है तो आप घर आकर पैरों को साबुन से धोएं और ठीक तरीके से पोंछें। अगर संभव हो तो डिसइंफेक्टेंट मिले पानी से धुलें और फिर उस के बाद सुखाकर नारियल तेल भी लगा सकते हैं। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ माह पहले किडनी में स्टोन का ऑप्रेशन हुआ था। कुछ दिनों से उसी स्थान पर दर्द हो रहा है। प्लीज बताएं अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-मुकेश, भोपाल**

आपको डॉक्टर से संपर्क कर एक अल्ट्रासाउंड कर लेना चाहिए। अगर आपका ऑप्रेशन हो चुका है तो स्टोन के दर्द की संभावना बहुत कम है। हो सकता है कि इंफेक्शन की वजह से यह समस्या आ रही हो, लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी करना ठीक नहीं है।

**मेरी उम्र 50 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मुझे सर्दी-खांसी की समस्या लगातार बनी हुई है। कफ-सिरप और दवाइयां भी कुछ खास असर नहीं कर रहीं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-कमलेश, जींद**

आप बता रहे हैं कि खांसी लंबे समय से आ रही है तो आपको डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए। वैसे भी 2 सप्ताह से अधिक खांसी होने पर टीबी की जांच जरूर करा लेनी चाहिए। मौजूदा मौसम में वायरल ईंफेक्शन भी हो जाता है, जिससे खांसी आती है। लेकिन आप फिलहाल फ्रिज में रखी चीज और ठंडा पानी पीना बिल्कुल बंद कर दें। बाजार का पानी भी न पिएं। इसके बाद भी राहत नहीं मिलती तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरी अस्थमा की समस्या बढ़ जाती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्या करूं, जिससे इस बरसात के मौसम में स्वस्थ रह सकूं।**

**-रत्नेश्वर, जबलपुर**

आपको घर से निकलते समय मुंह और नाक पर मास्क लगा लेना चाहिए। साथ ही जब तेज हवा या आंधी चले तो कोशिश करें घर के अंदर रहें, क्योंकि अस्थमा रोगियों को धूल से दिक्कत हो जाती है। इस तरह बचाव करके ही आपको राहत मिलेगी। लेकिन ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो डॉक्टर से संपर्क कर आप इनहेलर या कोई दवा लिखवा सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

स्पेशलः वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे, 28 जुलाई

हेपेटाइटिस, लिवर यानी यकृत में होने वाला गंभीर वायरल संक्रमण है। अलग-अलग कारणों, लक्षणों और गंभीरता के स्तर पर इसके कई प्रकार होते हैं। इन सभी का प्रॉपर ट्रीटमेंट संभव है लेकिन इसके लिए समय रहते हेपेटाइटिस की पहचान होना जरूरी है। इसलिए यहां डिटेल में हेपेटाइटिस के कारणों, उसके लक्षणों और इससे बचने के उपायों के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स बता रहे हैं।

## हेपेटाइटिस समय पर पहचान से पॉसिबल है प्रॉपर ट्रीटमेंट








डॉक्टर्स एडवाइस

हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को हेपेटाइटिस के प्रति जागरूक करना, समय पर जांच कराने के लिए प्रेरित करना और इस बीमारी से होने वाली गंभीर जटिलताओं को रोकना है।

### कैसे फैलता है हेपेटाइटिस

हेपेटाइटिस रोग और इसके होने के कारणों के बारे में रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर के कंसल्टेंट-गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, **डॉ. सचिन एच. जे.** बताते हैं कि हेपेटाइटिस एक वायरल संक्रमण है, जिसमें लिवर (यकृत) में सूजन आ जाती है। यह मुख्य रूप से हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई वायरस के कारण होता है। इनमें हेपेटाइटिस ए और ई आमतौर पर दूषित भोजन और पानी के सेवन से फैलते हैं, जबकि हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमित रक्त, असुरक्षित इंजेक्शन, संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संबंध तथा संक्रमित मां से नवजात शिशु में फैल सकते हैं। वहीं, हेपेटाइटिस डी केवल उन लोगों में होता है जो पहले से हेपेटाइटिस बी से संक्रमित होते हैं। संक्रमण के प्रकार के अनुसार बीमारी कुछ मामलों में कुछ सप्ताह में ठीक हो सकती है, जबकि कई मामलों में यह लंबे समय तक लिवर को नुकसान पहुंचाकर गंभीर रूप ले सकती है।

### लापरवाही हो सकती है खतरनाक

हेपेटाइटिस एक ऐसी बीमारी है, जिसमें लिवर में सूजन आ जाती है। यदि समय रहते इसका इलाज न कराया जाए तो यह लिवर सिरोसिस, लिवर फेलियर और लिवर कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है।

### नहीं दिखते स्पष्ट लक्षण

हेपेटाइटिस रोग होने पर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शुरुआती चरण में अकसर इसके कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। यही वजह है कि कई लोग वर्षों तक इस संक्रमण के साथ सामान्य जीवन जीते रहते हैं और उन्हें पता ही नहीं चलता कि उनका लिवर धीरे-धीरे प्रभावित हो रहा है। जब तक लक्षण सामने आते हैं, तब तक बीमारी कई बार गंभीर अवस्था में पहुंच चुकी होती है। इसलिए हेपेटाइटिस के सामान्य लक्षणों के बारे में सजग रहना बहुत जरूरी है।

### हेपेटाइटिस के प्रमुख लक्षण

हेपेटाइटिस के लक्षण अलग-अलग रोगियों में अलग तरह के हो सकते हैं। इसके प्रमुख लक्षणों में बिना कोई परिश्रम किए लगातार थकान महसूस होना, भूख कम लगना, मितली, उल्टी, लंबे समय तक हल्का बुखार बने रहना, पेट के दाईं ओर दर्द, आंखों और त्वचा का पीला पड़ना (पीलिया), गहरे रंग का पेशाब आना, हल्के रंग का मल तथा शरीर में कमजोरी शामिल हो सकती है। ऐसे किसी भी लक्षण के दिखाई देने पर बिना देरी किए डॉक्टर से परामर्श लेकर आवश्यक जांच करानी चाहिए। इसमें लापरवाही बरतना जान लेवा हो सकता है।

### टीकाकरण-इलाज से बचाव संभव

अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. संचयन रॉय**, हेपेटाइटिस से बचाव के लिए कुछ सरल लेकिन प्रभावी उपायों के बारे में बताते हैं। उनके अनुसार, 'हेपेटाइटिस बी का सुरक्षित और प्रभावी टीका



उपलब्ध है, इसलिए नवजात शिशुओं से लेकर जोखिम वाले वयस्कों तक सभी को डॉक्टर की सलाह के अनुसार टीकाकरण कराना चाहिए। साफ और सुरक्षित पानी का ही सेवन करें, भोजन की स्वच्छता का ध्यान रखें, केवल नई और स्टेराइल सुई का इस्तेमाल करें। बिना जांचे हुए रक्त कभी ट्रांसफ्यूज न करवाएं। हमेशा सुरक्षित यौन संबंध अपनाएं। टैटू या पियर्सिंग हमेशा प्रमाणित केंद्रों पर ही कराएं। यानी जहां पर हाइजीन और सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति को हेपेटाइटिस बी या सी का खतरा है या परिवार में किसी को यह संक्रमण है, तो समय पर ब्लड टेस्ट कराना बेहद जरूरी है। आज हेपेटाइटिस बी को दवाओं से नियंत्रित किया जा सकता है और हेपेटाइटिस सी का आधुनिक एंटीवायरल दवाओं से अधिकांश मामलों में सफल इलाज संभव है। इसलिए समय पर जांच और उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।'

### सबसे जरूरी है जागरूकता

हेपेटाइटिस के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार जागरूकता, समय पर जांच, टीकाकरण और सही इलाज है। इस बीमारी की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि कई लोगों में लंबे समय तक कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते, जिससे संक्रमण का पता देर से चलता है। ऐसे में जोखिम वाले लोगों को नियमित जांच करानी चाहिए और लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### इन उपायों से होगा बचाव

हेपेटाइटिस से बचाने के लिए आप अपने दैनिक जीवनचर्या में यहां बताई जा रही बातों को अमल में लाकर सुरक्षित रह सकते हैं।

- हमेशा स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली को अपनाएं।
- स्वच्छ, ताजे और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। हमेशा स्वच्छ और संक्रमणमुक्त पानी ही पिएं। सबसे ज्यादा संक्रमण पानी से ही होता है इसलिए आरओ का पानी या फिल्टर किया हुआ पानी या फिर अच्छी तरह उबाले गए पानी को ही ठंडा कर पीना चाहिए।
- जब भी इंजेक्शन लगवाना हो तो केवल स्टेराइल सुई या डिस्पोजेबल नीडिल का ही का उपयोग करना चाहिए।
- संक्रमित रक्त से बचाव भी जरूरी है। इसलिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन से पहले जरूरी सावधानी बरतें। परीक्षित रक्त ही ट्रांसफ्यूज करवाएं।
- हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचना चाहिए क्योंकि इसका संक्रमण रोगी के संपर्क में आने से फैल सकता है।

ये सभी उपाय संक्रमण रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि हर व्यक्ति अपने लिवर के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे और समय रहते सही कदम उठाए, तो हेपेटाइटिस से होने वाली अधिकांश गंभीर जटिलताओं और मौतों को रोका जा सकता है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

---

सीजनल केयर

निकिता चौहान

## आयुर्वेदिक काढ़े से बढ़ेगी इम्यूनिटी

मानसून के दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव होता रहता है। इस कारण कुछ लोगों को जुकाम, खांसी, स्किन पर रैशेज, दाने, लूजमोशम, बुखार आदि समस्याएं होने लगती हैं। ऐसा उन लोगों के साथ ज्यादा होता है, जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी थोड़ी वीक होती है। इसलिए यहां आपको कुछ ऐसी जड़ी-बूटियों के बारे में बता रहे हैं, जिनका काढ़ा आप घर में ही आसानी से बनाकर पी सकते हैं, इससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत होगी।

**गिलोयः** गिलोय की तासीर एंटी-पायरेटिक होती है, जो शरीर की गर्मी को खत्म करती है और कई बीमारियों से राहत दिलाता है जैसे डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार आदि में गिलोय का काढ़ा राहत प्रदान करता है।



**अश्वगंधाः** अश्वगंधा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो मानसून में होने वाले वायरल इंफेक्शन से लड़ने में मदद करते हैं।

**चिरायताः** बारिश के मौसम में पेट का संक्रमण बढ़ जाता है। जिस कारण एसिडिटी और लूज मोशन होने लगते हैं। चिरायता में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं, जो हमारे पेट के संक्रमण को कम करने में मदद करते हैं।

**मुलेठीः** मानसून में उमस के करण शरीर पर चिपचिपाहट बढ़ जाती है, जिस वजह से रैशेज और खुजली होती है। मुलेठी में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। यह इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है।

**सोंठः** बारिश के मौसम में पेट खराब होने के साथ, जुकाम, खांसी और बुखार आदि के मामले बढ़ जाते हैं। सोंठ में एंटीवायरल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। इसका काढ़ा पीने से मानसून में होने वाली बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है।

**मोथा घासः** मोथा घास को आयुर्वेद में बेहद लाभकारी माना गया है। यह मानसून सीजन में होने वाली खांसी, जुकाम, बुखार और स्किन से जुड़ी समस्यायों से राहत प्रदान करता है।

**आमलकीः** आमलकी में विटामिन-सी खूब पाया जाता हैं, जो मानसून में होने वाली बीमारियों से बचाव करता है।

**बनाने का तरीकाः** यहां बताई गई सभी जड़ी-बूटियों को 30-30 ग्राम लें। सिर्फ सोंठ को 20 ग्राम ही लें। सभी को रात में पानी में भिगोकर रख दें। इसके बाद सुबह सभी जड़ी बूटियों को पानी में डालकर तेज आंच पर गर्म कर लें। अब काढ़ा तैयार है। फिर इसको हल्का ठंडा होने के बाद आधा गिलास सुबह और आधा गिलास शाम को पिएं। यह काढ़ा इस मौसम में रोगों से बचाव में बहुत उपयोगी है। लेकिन बेहतर होगा कि अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ही इस काढ़े का सेवन करें। *

**(आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. श्रेय शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

---

डिजीज

अंशु सिंह

सीआरपीएस एक असामान्य लेकिन बहुत पीड़ादायक समस्या है। यह वास्तव में नर्व्स से जुड़ी समस्या है। ऐसे में इसके लक्षणों को पहचानकर सही उपचार से ही रोगी को राहत मिल सकती है। इस बारे में विस्तार से जानिए।

## सीआरपीएस यह दर्द सहा न जाए

कहते हैं कि ज्यादातर दर्द कोई न कोई संदेश देता है। यह आपके शरीर की चोट के बारे में बताता है, आराम करने के लिए प्रेरित करता है। चोट ठीक होने पर धीरे-धीरे कम हो जाता है। लेकिन कुछ लोगों में दर्द लंबे समय तक बना रहता है। कई बार तेज हो जाता है। मूल चोट के ठीक हो जाने के काफी समय बाद अपनी ही एक अलग स्थिति बना लेता है। इसे ही 'कॉम्प्लेक्स रीजनल पेन सिंड्रोम' या सीआरपीएस कहते हैं, जो व्यक्ति की चाल-ढाल, संवेदना, त्वचा और जीवन की गुणवत्ता को बुरी तरह प्रभावित करती है। हाल ही में अभिनेत्री अर्चना पूरन सिंह के बेटे आयुष्मान सेठी ने इंस्टाग्राम रील में मां की हिम्मत की तारीफ की कि कैसे साल 2025 में कलाई में चोट लगने के बाद उन्हें सीआरपीएस हो गया था। फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' के सेट पर चोट लगने के बाद हुई इस बीमारी ने अर्चना के हाथ पर स्थाई असर डाला।

**क्या है सीआरपीएसः** नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ के अध्ययन के अनुसार, सीआरपीएस एक लंबे समय तक रहने वाली न्यूरोपैथिक दर्द की बीमारी है, जिसमें चोट लगने के बाद होने वाले सामान्य दर्द की तुलना में दर्द बहुत ज्यादा रहता है। वह लंबे



समय तक बना रहता है। यह दर्द को आमतौर पर जलन, चुभन या धड़कन जैसा होता है। कलाई टूटने, सर्जरी के दौरान लगे कट या मामूली मोच जैसी चीजों से शुरू होने वाली यह समस्या आगे चलकर पूरे शरीर में होने वाले गंभीर दर्द में बदल सकती है। यह दो प्रकार के होते हैं। टाइप 1, बिना किसी नर्व इंजरी के होता है जबकि टाइप 2, नर्व डैमेज की पुष्टि होने के बाद होता है।

**समस्या का मूल कारणः** सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट **डॉ. विशाल** के अनुसार, सीआरपीएस एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल दर्द की स्थिति है, जिसमें किसी एक अंग, हाथ या पैर, चोट, फ्रैक्चर, सर्जरी या यहां तक कि मामूली आघात के बाद लॉन्ग पीरियड फंक्शनल और सेंसरी परिवर्तन विकसित करता है। यह कहीं से हड्डियों या मांसपेशियों को होने वाली क्षति की वजह से नहीं, बल्कि दर्द संकेतों की सही व्याख्या करने में तंत्रिका तंत्र की विफलता के कारण होता है। इस स्थिति में, मूल चोट ठीक होने के बाद भी मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी दर्द संदेश प्रसारित करना जारी रखते हैं। इससे लंबे समय तक दर्द, कठोरता, सूजन और गति में विकृति आती है। मोटर और ऑटोनॉमिक गड़बड़ियां होने से त्वचा का रंग बदलना, तापमान में बदलाव, सूजन, पसीना आना, अकड़न, कमजोरी और संवेदना में बदलाव आम है।

**सीआरपीएस के लक्षणः** जलन या चीरने जैसा दर्द, जो लगातार या रुक-रुक कर होता है। ऐसी चीजों से दर्द होना, जिनसे आमतौर पर दर्द नहीं होना चाहिए, जैसे हल्का छूना, हल्की हवा या तापमान में बदलाव। ऐसी चीजों पर बहुत ज्यादा दर्द महसूस होना, जिनसे आमतौर पर सिर्फ हल्की तकलीफ होती है, जैसे सुई चुभना। प्रभावित अंग पर धब्बे दिख सकते हैं। वह लाल, नीला, पीला या बैंगनी हो सकते हैं। प्रभावित हिस्से में सूजन (एडिमा) आ-जा सकती है या बनी रह सकती है। त्वचा चमकदार और पतली हो सकती है या उस पर बहुत ज्यादा पसीना आ सकता है। प्रभावित अंग को हिलाने की क्षमता कम होना, अकड़न बढ़ना, कंपन या मांसपेशियों में ऐंठन होना।

**क्या है समाधानः** जहां तक सीआरपीएस के उपचार का सवाल है, तो इसमें दर्द कम करने और शरीर की हलचल बनाए रखने पर ध्यान दिया जाता है। इसके लिए फिजियोथेरेपी, नसों के दर्द की दवाएं और कुछ खास मामलों में दर्द कम करने वाले इंटरवेंशनल प्रोसीजर का इस्तेमाल किया जाता है। डॉ. विशाल का कहना है कि मेंटल सपोर्ट भी उतना ही जरूरी है, क्योंकि लंबे समय तक रहने वाला दर्द मानसिक रूप से बहुत परेशान करता है। हालांकि सीआरपीएस जानलेवा नहीं है, लेकिन यह जिंदगी अवश्य बदल सकता है। इसलिए बीमारी की गंभीरता के बारे में जानकारी होना जरूरी है, ताकि मरीज समय पर इलाज करवा सके। उसे कभी भी नजरअंदाज न करें। *

---

अवेयरनेस

डॉ. एम. वली

सीनियर फिजिशियन
सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली

गर्मी में हीट स्ट्रोक हो या बरसात में संक्रमण से दस्त-उल्टी का प्रकोप या किसी बीमारी के कारण डिहाइड्रेशन, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सोल्यूशन) पीना लाभकारी है। **वर्ल्ड ओआरएस डे (29 जुलाई)** पर जानिए इसकी उपयोगिताओं के बारे में।

## डिहाइड्रेशन से बचाने में सक्षम जीवनरक्षक ओआरएस

शरीर में पानी और आवश्यक लवणों (इलेक्ट्रोलाइट्स) की कमी पूरी करने वाला विशेष घोल है ओआरएस। डिहाइड्रेशन से बचाने वाला एक वैज्ञानिक, सुरक्षित और जीवनरक्षक उपाय है। सही समय पर, सही मात्रा में और सही तरीके से दिया गया ओआरएस गंभीर जटिलताओं और मृत्यु का जोखिम काफी हद तक कम कर सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, ओआरएस चिकित्सा विज्ञान की सबसे प्रभावी और कम लागत वाली खोजों में से एक है, जिसने पिछले पांच दशकों में लाखों लोगों विशेषकर बच्चों की जान बचाई है।

**क्या है ओआरएसः** ओआरएस पानी, ग्लूकोज (शर्करा), सोडियम, पोटेशियम और क्लोराइड जैसे आवश्यक खनिज लवणों का वैज्ञानिक अनुपात में तैयार किया गया घोल है। जब शरीर से अधिक मात्रा में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स निकल जाते हैं, तब यह घोल उनकी कमी को पूरा करने में मदद करता है।

**क्या हैं फायदेः** शरीर में पानी की कमी तेजी से पूरी करता है। इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखता है। डिहाइड्रेशन से होने वाली गंभीर जटिलताओं का जोखिम घटाता है। बच्चों में अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता कम कर सकता है। कम लागत में प्रभावी उपचार उपलब्ध कराता है।

**किसके लिए है उपयोगीः** ओआरएस इन परिस्थितियों या बीमारी में हर आयुवर्ग के लोगों को दिया जा सकता है। डायरिया, बार-बार उल्टी होने, हैजा, रोटावायरस, नोरोवायरस संक्रमण के कारण वायरल गैस्ट्रोएंटेराइटिस होने पर, बहुत ज्यादा गर्मी या लू लगने के दौरान शरीर से बड़ी मात्रा में पानी और लवण निकल जाते हैं। या फिर डेंगू या अन्य बुखार में समुचित मात्रा में न पिए जाने पर व्यक्ति के शरीर में पानी की कमी होने की स्थिति में ओआरएस देना उपयोगी है।




**कैसे बनाएंः** आजकल बाजार में 5 ग्राम, 10 ग्राम, 21 ग्राम, 50 ग्राम और 75 ग्राम जैसे विभिन्न आकार के ओआरएस पैकेट उपलब्ध हैं। केवल पैकेट का आकार देखकर पानी की मात्रा तय नहीं करें। साफ या उबले और ठंडे किए गए पानी में ही घोलें। पूरे पैकेट को एक साथ निर्धारित मात्रा के पानी में ही घोलें। यदि आधा पैकेट इस्तेमाल करना हो, तो बिना माप के ऐसा न करें, क्योंकि नमक और ग्लूकोज का अनुपात बिगड़ सकता है। घोल तैयार होने के बाद उसे 24 घंटे के भीतर उपयोग कर लें। 24 घंटे बाद बचा हुआ घोल फेंक दें और नया घोल बनाएं।



**घर में करें तैयारः** यदि बाजार का ओआरएस उपलब्ध न हो, तो घर में भी आसानी से बनाया जा सकता है। 1 लीटर साफ पानी, 6 समतल छोटी चम्मच चीनी और आधी छोटी चम्मच नमक को अच्छी तरह मिलाकर तुरंत उपयोग करें।

**रहें सतर्कः** ओआरएस पीने से पहले हमेशा पैकेट पर लिखे गए निर्देशों का पालन करें। विशेषकर पैकेट पर लिखी पानी की मात्रा का जरूर ध्यान रखें। कम पानी मिलाने से घोल में नमक और शर्करा की मात्रा अधिक हो जाती है, जिससे शरीर में सोडियम का स्तर बढ़ सकता है। वहीं अधिक पानी मिलाने से घोल बहुत पतला हो जाता है और शरीर को आवश्यक इलेक्ट्रोलाइट पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाते।

**इन बातों का रखें ध्यानः** डब्ल्यूएचओ या एफएसएसएआई मानक वाला पैकेटबंद ओआरएस ही बेहतर विकल्प है। संतरा, नीबू या अन्य फ्लेवर वाले ओआरएस, इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक, स्पोर्ट्स ड्रिंक या एनर्जी ड्रिंक नाम से उपलब्ध पेय यथासंभव अवॉयड करें। इनमें अकसर चीनी और इलेक्ट्रोलाइट्स का अनुपात नियत मात्रा से अधिक होता है, जिससे ये शरीर के लिए लाभकारी नहीं होते हैं। दस्त होने पर हर दस्त के बाद थोड़ी-थोड़ी मात्रा में ओआरएस दें। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

## खबर संक्षेप

### आश्रम के निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्य पूरा

**बवानी खेड़ा।** सिद्ध श्री बाबा अमीर गिरि धाम हरिद्वार के संस्थापक सिद्ध बाबा विनोद गिरि महाराज की कृपा से महामंडलेश्वर गीतामनीषी डॉ राधा गिरि श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के द्वारा आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष में गुप्त नवरात्रि की नवमी तिथि को अभिजीत मुहूर्त में आश्रम के नव निर्माण के लिए भूमि पूजन का पावन कार्य बवानी खेड़ा गाँव में नगर के देवता की कृपा से सम्पन्न किया गया।

### स्वस्थ मस्तिष्क ही स्वस्थ जीवन की पूंजी : संजीव

**चरखी दादरी।** विश्व मस्तिष्क दिवस के अवसर पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. संजीव मड़िया ने आमजन से मस्तिष्क स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज की तेज-रफ्तार जीवनशैली, मानसिक तनाव, अनियमित दिनचर्या, अपर्याप्त नींद और असंतुलित खान-पान का सीधा प्रभाव मस्तिष्क की कार्यक्षमता पर पड़ता है। डॉ. संजीव मड़िया ने कहा कि स्वस्थ मस्तिष्क के लिए नियमित दिनचर्या, पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण नींद, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम, योग, प्राणायाम तथा ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

### कृषि यंत्रों का हुआ ऑनलाइन ड्रा

**भिवानी।** लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के समाम घटक के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए रोटावेटर एवं लेजर लैंड लेवलर कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध करवाने हेतु प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों का ड्रा जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की उपस्थिति में हुआ। डॉ नगराधीश अनिल कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### बुनियादी सुविधाओं में विफल रही सरकार

**चरखी दादरी।** कांग्रेस नेत्री डॉ. मनीषा सांगवान ने कहा कि जब सरकार जनता को स्वच्छ पेयजल, बिजली, शिक्षा और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा पा रही है, तो उसकी उपलब्धियों के दावे खोखले साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सहित कई प्रदेशों में लोग अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर आंदोलन करने के लिए मजबूर हैं। दादरी में नागरिक स्वच्छ पेयजल और पर्याप्त बिजली की मांग को लेकर धरने पर बैठने को मजबूर हैं, जबकि सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक छात्रों के हितों को लेकर लंबे समय से भूख हड़ताल पर हैं।

### एसोसिएशन ने बोर्ड चेयरमैन से की भेंट

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन शंकर लाल धुप्पड़ से हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (समाजशास्त्र) के प्रतिनिधिमंडल ने उमेश वर्मा के नेतृत्व में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान बोर्ड परीक्षाओं एवं समाजशास्त्र विषय से जुड़े विभिन्न शैक्षणिक मुद्दों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने बोर्ड चेयरमैन के समक्ष बोर्ड परीक्षा में प्रश्नों की संख्या को तर्कसंगत बनाने तथा हरियाणा शिक्षक पात्रता के पीजीटी स्तर के प्रश्न-पत्र को पीजीटी स्तर के अनुरूप तैयार करवाने की मांग प्रमुखता से रखी। चेयरमैन ने बातों को गंभीरता से सुना तथा सभी मांगों एवं सुझावों पर सकारात्मक विचार करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### गोरखनाथ मूर्ति स्थापना पर निकाली कलश यात्रा

**भिवानी।** शिव अवतारी गुरू गोरखनाथ मंदिर ट्रस्ट बीरण द्वारा महायोगी गुरु गोरखनाथ की मूर्ति स्थापना एवं धार्मिक महोत्सव पर भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा एवं उत्साह से भाग लिया। महोत्सव के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण रहा और श्रद्धालुओं ने जयघोष के साथ यात्रा का स्वागत किया।

## विपक्ष की आवाज दबाई तो थमने नहीं देंगे आंदोलन : कांग्रेस नेता

# तानाशाही के खिलाफ सड़कों पर भड़का कांग्रेस का आक्रोश

**राहुल गांधी समेत कई विपक्षी नेताओं को असंवैधानिक रूप से हिरासत में लेने का किया विरोध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

बुधवार को भिवानी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गुस्सा देखने को मिला। छात्रों और युवाओं के लोकतांत्रिक अधिकारों पर चलाए जा रहे दमनचक्र तथा राहुल गांधी समेत शीर्ष विपक्षी नेताओं को असंवैधानिक रूप से हिरासत में लिए जाने के विरोध में कांग्रेस ने शहर भर में उग्र प्रदर्शन किया और उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी एवं शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने किया। उनके नेतृत्व में युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवा दल और कांग्रेस के सभी अग्रिम संगठनों के कार्यकर्ताओं का हुजूम सड़कों पर उतरा। युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को लेकर कार्यकर्ताओं का रोष सातवें आसमान पर नजर आया।

ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी एवं शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने भाजपा सरकार पर तीखे हमले बोले। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने वाले 18-19 वर्ष तक के युवाओं पर बर्बरतापूर्ण लाठियां बरसाई गई, उससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार तानाशाही और अहंकार की पराकाष्ठा पार कर चुकी है। इसे देश के युवाओं के भविष्य और उनके सपनों की रत्ती भर परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पेपर लीक और भ्रष्टाचार का एक ऐसा जहरीला कॉकटेल तैयार कर रही है, जिसने लाखों होनहार युवाओं के भविष्य को अधर में लटका दिया है। भाजपा का स्पष्ट एजेंडा देश के युवाओं को अनपढ़ और बेरोजगार रखकर भारत को दशकों पीछे धकेलना है, लेकिन कांग्रेस इस घटिया और क्रूर साजिश को कभी कामयाब नहीं होने देगी।



भिवानी। प्रदर्शन के दौरान पुलिस से धक्का-मुक्की करते प्रदर्शनकारी व शहर में जुलूस निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नारेबाजी के साथ कांग्रेसी पहुंचे लघु सचिवालय

शहर भर में जोरदार नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस का यह जत्था लघु सचिवालय पहुंचा, जहां उन्होंने राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि युवाओं के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बंद नहीं हुआ, पेपर लीक के दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई और विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिशें तुरंत नहीं रुकीं तो यह आंदोलन केवल सड़कों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भाजपा के इस तानाशाही साम्राज्य की ईंट से ईंट बजा दी जाएगी। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कौशिक, सतबीर परमार, अनिल नेहरा, कुलदीप, दिलबाग, जिला पार्षद रूपेंद्र ग्रेवाल, ईश्वर शर्मा, समीर खटीक, सत्यजीत पिलानिया, विरेंद्र बापोड़ा, धीरज सिंह, शिव कुमार चांगिया, अमर तंवर राघव, रूघबीर, सविता मान, कंवर बीर सिंह, अशोक ढ़ोला, मुकेश पहाड़ी, बलवान पूर्व पार्षद, रेणू बाला, संजीव बबल, प्रवीण बूरा, शीला गौरा, कैप्टन रामेहर जांगड़ा, मुकेश ढ़ाणीमाहु, धीरज टिकानिया, संजय गांधी, अधिवक्ता विकास, बलवंत घणघस, नरेंद्र राज गागड़वास, बलबीर सरोहा, दीपेश सारसर, शिव कुमार बोस, हरेंद्र घणघस, डा. फूल सिंह, डा. जयबीर गोयत, रवि सोलंकी, अधिवक्ता अजय, श्यामलाल चारण, रमेश ढिकाव, रणदीप हुड्डा, विरेंद्र ग्रेवाल बामला, किरण प्रधान, विजयंत परमार सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


दादरी शहर में प्रदर्शन करते हुए विभिन्न राजनीतिक दल, संगठनों के पदाधिकारी।

### दादरी में विपक्षी दलों, किसान व सामाजिक संगठनों का संयुक्त विरोध प्रदर्शन

**चरखीदादरी।** छात्रों पर हुए लाठीचार्ज, परीक्षा संबंधी अनियमितताओं तथा युवाओं के लोकतांत्रिक अधिकारों के समर्थन में बुधवार को दादरी में विभिन्न विपक्षी दलों, किसान संगठनों, खाप प्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों ने संयुक्त विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला उपायुक्त मंदीप कौर को सौंपा गया। दोपहर को स्थानीय रोज गार्डन से शुरू हुए विरोध मार्च में बड़ी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता, किसान संगठनों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदर्शनकारी सरकार विरोधी नारे लगाते हुए बस स्टैंड, भगवान परशुराम चौक से होते हुए लघु सचिवालय पहुंचे, जहां उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। सभी कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों पर काली पट्टी बांधकर लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया। राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि देशभर के छात्र एवं युवा अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन उनके साथ बल प्रयोग एवं लाठीचार्ज किया गया।

### दिल्ली में युवाओं पर लाठीचार्ज के विरोध में सड़कों पर उतरे युवा व किसान संगठन

**भिवानी।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर पेपर लीक मामले को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े जाने की घटना से क्षेत्र के युवाओं, किसानों और सामाजिक संगठनों में भारी आक्रोश है। सरकार की कार्रवाई के विरोध में खाप पंचायतें, किसान संगठन, युवा और सामाजिक संगठन एक मंच पर आ गए हैं। श्रीश्याम बाढ़ड़ा मोड़ जुई से लेकर श्रीश्याम मंदिर जुईकलां तक पैदल रोष मार्च निकाला और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने पेपर लीक मामले के दोषियों पर कठोर कार्रवाई तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। चन्नी खाप के प्रधान मेवासिंह आर्य, युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान, किसान नेता सूरज सिंह व छात्र नेता सुमित बराड़ ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना हर नागरिक का अधिकार है। भविष्य की लड़ाई लड़ रहे युवाओं पर लाठियां बरसाना सरकार की औछी मानसिकता का प्रमाण है।

### तिरंगा मार्च निकाल अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व छात्र नेता

**भिवानी।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ हुए घटनाक्रम के विरोध में मंगलवार को भिवानी में छात्रों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर तिरंगा मार्च निकाला। मार्च चिड़ियाघर रोड स्थित चंद्रशेखर चौक से प्रारंभ होकर लघु सचिवालय तक पहुंचा। मार्च के दौरान हाथों में तिरंगा लिए विद्यार्थियों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखते हुए छात्रों के सम्मान, लोकतांत्रिक अधिकारों एवं न्याय की मांग को बुलंद किया। उन्होंने केंद्रीय शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई। मार्च के उपरांत पूर्व छात्र नेता उमेश भारद्वाज व छात्र नेता मंजीत लांगयान दिल्ली में आंदोलनरत छात्रों के समर्थन में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि संघर्ष किसी राजनीतिक दल या संगठन का नहीं, बल्कि देश के करोड़ों छात्रों के सम्मान, अधिकार, भविष्य और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संघर्ष है।


भिवानी। ज्ञापन सौंपते जजपा व इनसो के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### नीट पेपर लीक व जंतर-मंतर पर बर्बरता के खिलाफ गरजी जजपा और इनसो

**भिवानी।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे बेकसूर युवाओं व छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज व आंसू गैस के गोले दागने के विरोध में जजपा युवा प्रदेश प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला के निर्देशानुसार बुधवार को भिवानी की सड़कों पर आक्रोश का सैलाब उमड़ पड़ा। जजपा व इनसो ने संयुक्त रूप से सरकार की तानाशाही व दमनकारी नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और सड़कों पर उतरकर अपना कड़ा रोष जताया तथा केंद्र सरकार के नाम मांगपत्र सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि युवाओं की आवाज को दबाने की हर कोशिश का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। प्रदर्शन का नेतृत्व जजपा युवा जिला अध्यक्ष सेठी धनाना ने किया। ज्ञापन के माध्यम से जजपा व इनसो नेताओं ने मांग की कि गत 20 जुलाई को छात्रों पर हुए लाठीचार्ज एवं आंसू गैस के प्रयोग की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए।

### पेपर लीक के खिलाफ छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में उतरा किसान संगठन

**भिवानी।** देश में लगातार बढ़ रहे पेपर लीक मामलों और इसके विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठा रहे छात्र-छात्राओं पर हुए पुलिस लाठीचार्ज को लेकर युवाओं और किसान संगठनों में भारी रोष व्याप्त है। छात्रों के समर्थन में अब किसान संगठनों ने भी सड़क पर उतरने का ऐलान कर दिया है। इसी कड़ी में 23 जुलाई को शाम 6 बजे भिवानी के कितलाना टोल प्लाजा पर एक विशाल कैंडल मार्च निकाला जाएगा। यह रोष प्रदर्शन भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष राकेश आर्य निमड़ीवाली के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कितलाना टोल प्लाजा पर एकत्रित होकर सभी युवा व किसान हाथ में मोमबत्तियां लेकर जंतर-मंतर पर प्रताड़ित हुए छात्र-छात्राओं के समर्थन में आवाज बुलंद करेंगे। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ किसान नेता लीलू धायल ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकारों की गलत नीतियों और युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ यह सांकेतिक रोष प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। किसान नेता लीलू धायल ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि एक तरफ तो देश का युवा सालों-साल दिन-रात मेहनत करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण बार-बार पेपर लीक हो जाते हैं। युवा अपने हक की मांग लेकर जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हैं, तो लाठियां बरसाई जाती हैं।

### मनीष ने सोनम वांगचुक के समर्थन में किया अनशन




**तोशाम।** नीट पेपर लीक होने पर सुसाइड करने वाले विभिन्न विद्यार्थियों के समर्थन में तोशाम निवासी एक युवक ने बुधवार को सुबह से शाम तक तोशाम के चौधरी सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में शांतिपूर्ण तरीके से भूखे प्यासे रहकर अनशन किया। अनशन पर बैठे तोशाम निवासी युवक मनीष ने कहा कि नीट पेपर लीक होने पर करीबन डेढ़ दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने सुसाइड किया है। इसके जिम्मेवार शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान हैं उन्हीं की लापरवाही के चलते पेपर लीक हुआ है या तो धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा दें या फिर उन विद्यार्थियों के परिजनों को सहायता राशि दी जाए। मनीष का कहना था कि उन विद्यार्थियों के समर्थन में दिल्ली में सोनम वांगचुक जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण तरीके से अनशन पर बैठे थे सरकार तथा पुलिस प्रशासन द्वारा उनके साथ जो किया गया वह निंदनीय है। वह सोनम वांगचुक का भी समर्थन करते हैं। इसी के चलते उन्होंने तोशाम के चौधरी सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में शांतिपूर्ण तरीके से सुबह से शाम तक भूखे-प्यासे रहकर अनशन किया है।

### किसान नेता राजू मान हाऊस अरेस्ट

**चरखी दादरी।** जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में दिल्ली धरने में भाग लेने जा रहे अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कन्वीनर राजू मान को पुलिस ने उनके दादरी के वेयर हाऊस रोड पर स्थित आवास पर हाऊस अरेस्ट कर लिया। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने सुबह पांच बजे राजू मान के घर पर दबिश दे उन्हें दिल्ली जाने से रोक दिया। करीब चार घंटे तक उन्हें रोके रखा गया। राजू मान ने कहा कि केंद्र सरकार दमनकारी नीति अपनाकर युवाओं की आवाज को दबाना चाहती है लेकिन उनके ये मंसूबे कामयाब नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए वरना उन्हें बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने दिल्ली में युवाओं पर बनाये गए झूठे मुकदमे वापिस लेने और युवाओं पर अत्याचार करने वालों के साथ पेपरलीक करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की अगुवाई में युवाओं के अधिकारों की लड़ाई जारी रहेगी।


चरखीदादरी। राजू मान के निवास पर पहुंचे पुलिसकर्मी।


चरखीदादरी। कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### तिरंगा दिवस पर श्री राम पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टीचर सेरेमनी में छाईं छात्राएं

**चरखी दादरी।** गांव कान्हडा स्थित श्री राम पब्लिक स्कूल में गतिविधि प्रभारी सोनू थालोर के नेतृत्व में आयोजित इन्वेस्टीचर सेरेमनी का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। प्राचार्य अमित जाखड़ ने कहा कि हेड बॉय या हेड गर्ल का पद केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों को अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण की भावना के साथ करना चाहिए। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास और कर्तव्यनिष्ठा जैसे गुणों का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में आयोजित होने वाली ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और नेतृत्व कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करती हैं। शिक्षा के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है।

### श्रीमती अनारादेवी स्कूल में तिरंगे के रंग में रंगे विद्यार्थी, मनाया राष्ट्रीय झंडा दिवस

**भिवानी।** श्रीमती अनारादेवी अग्रवाल विद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय झंडा दिवस पर देशभक्ति का अनूठा माहौल देखने को मिला। विद्यालय में राष्ट्रीय झंडा दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा व देशभक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रध्वज को नमन कर देशभक्ति गीतों के साथ हुई। दिनभर चले आयोजन में नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों तक ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने देश के वीर जवानों और राष्ट्रध्वज के इतिहास को दर्शाती भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं तथा विद्यार्थियों ने राष्ट्रध्वज के तीनों रंगों तथा अशोक चक्र के महत्व पर ओजस्वी विचार व्यक्त किए।


भिवानी। राष्ट्रीय झंडा दिवस पर कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व शिक्षक।


भिवानी। आयोजित हवन में आहुति डालते हुए।

### विशेष बीज मंत्रों के साथ दी पूर्णाहुति : गिरी

**भिवानी।** सिद्ध पीठ बाबा जहर गिरी आश्रम में पिछले नौ दिनों से चल रहे दस महाविद्याओं के अखंड यज्ञ, विशेष पूजा एवं साधना का आज वैदिक विधि-विधान के साथ भव्य समापन हुआ। समापन के अवसर पर आश्रम के पीठाधीश्वर श्रीमहंत डॉक्टर अशोक गिरी महाराज के सान्निध्य में दसों महाविद्याओं को विशेष बीज मंत्रों के साथ पूर्णाहुति अर्पित की गई। अंतिम दिन प्रातःकाल माँ भगवती का पंचामृत, दुग्ध, दही, घृत, मधु, गंगाजल एवं सुगंधित द्रव्यों से दिव्य अभिषेक एवं स्नान कराया गया। डॉ अशोक गिरी ने बताया की आषाढ़ मास में शुक्ल पक्ष में वाराही देवी के पूजा अनुष्ठान की अंतिम में दिन नवमी को दस महाविधा का क्रम में ललिता महाविधा का पूजन और यंत्र अर्चन किया जाता है .दस महाविधा के क्रम में प्रथम विधा माँ काली को समर्पित जो को काल से प्रारम्भ होकर कमला महाविधा जो समृद्धि संपन्नता आनंद पूर्णता की प्रतीक है,काली जहां संसार की शुरुआत और वैराग्य की ओर ले जाती हैं, वहीं कमला संसार के उपभोग, ऐश्वर्य और जीवन के परमानंद का प्रतिनिधित्व करती हैं।

### गर्भवती महिलाओं को दी पोषण की जानकारी

**भिवानी।** महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण अभियान के तहत गांव गुजरानी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में समुदाय आधारित कार्यक्रम (सीबीई) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं नवजात बच्चों को दूध पिलाने वाली माताओं को गर्भावस्था के दौरान उचित पोषण, देखभाल और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में सुपरवाइजर अंजना ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि गर्भावस्था के दौरान संतुलित एवं पौष्टिक आहार मां और शिशु दोनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। हरी पत्तेदार सब्जियाँ, दालें, दूध, फल तथा अंकुरित अनाज को नियमित भोजन में शामिल करने की सलाह दी।

## बवानी खेड़ा डेरा बाबा रामरूप में बही भक्ति की बयार

# भागवत कथा में उमड़े भक्त, निकाली भव्य कलश यात्रा

**28 जुलाई तक चलने वाली कथा में प्रतिदिन धर्मलाभ कमाने पहुंच रहे भक्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा डेरा बाबा रामरूप में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत मंगलवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जानकारी के अनुसार 22 जुलाई से 28 जुलाई तक चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन धर्मप्रेमी श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं। कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भक्ति और धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सच्ची श्रद्धा और भक्ति से मनुष्य के जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं तथा उसे आध्यात्मिक शांति की प्राप्ति होती है।


बवानीखेड़ा। कस्बे में क्लशयात्रा निकालती महिलाएं।

### सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

कथा के शुभारंभ अवसर पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भव्य शोभायात्रा निकाली। यात्रा में भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के भजनों पर झूमते नजर आए। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न हुई। कथा के दौरान व्यासपीठ से भगवान के गुणगान किए गए तथा श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार और मानव सेवा का संदेश दिया गया। आयोजकों ने बताया कि कथा का उद्देश्य समाज में धार्मिक जागरूकता बढ़ाना और युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री देवेंद्र डी.पी., विनीत तंवर, संदीप पराशर, भीम गुर्जर, पवन सेन, पार्षद ज्योति लोधी तथा प्रेम धाकड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने कथा आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। कथा के समापन अवसर पर विशेष पूजा, भंडारा एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### हरियाणवी कवि एवं चिंतक बेचैन को मिलेगा पंडित लख्मीचंद सम्मान


डॉ. वीएम बेचैन।

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में कार्यरत हरियाणवी के वरिष्ठ साहित्यकार एवं चिंतक डॉ. वीएम बेचैन को वर्ष 2021 के लिए पंडित लखमीचंद सम्मान से विभूषित किया जाएगा। यह सम्मान 23 जुलाई को रोहतक स्थित पंडित लखमीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय के केंद्रीय सभागार में आयोजित साहित्यकार सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कर कमलों से प्रदान किया जाएगा। गौरतलब हैं कि साहित्यकारों का सम्मान पिछले पांच वर्षों से लंबित था। इस बारे में हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी ने ईमेल व फोन के माध्यम से वीएम बेचैन विशेष रूप से आमंत्रित किया और बताया कि मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार नायब सिंह सैनी द्वारा रोहतक स्थित पंडित लखमीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय के केंद्रीय सभागार में आयोजित साहित्यकार सम्मान समारोह में पुरस्कार दिया जाएगा। बेचैन प्रदेश के वरिष्ठ हरियाणवी साहित्यकारों में शामिल है, उनकी अब तक 13 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है।

**ग्राम पंचायत गारनपुरा खुर्द**
खण्ड तोशाम (भिवानी)

**NOTICE FOR AUCTION OF OLD SC CHOPAL BUILDING**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गारनपुरा खुर्द की एससी चौपाल की कण्डम बिल्डिंग को नीलामी 27 जुलाई 2026 को प्रातः 11:00 बजे ग्राम सचिवालय गारनपुरा खुर्द में लगाई जाएगी। बोली की सिक्योरिटी राशि मु. 10,000/- रुपये जमा करवानी होगी। बोली की बाकी शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/- रविन्द्र कुमार ग्राम सचिव
हस्ता/- सरपंच ग्राम पंचायत गारनपुरा खुर्द (भिवानी) मो. 8607865704

## खबर संक्षेप

### निधि ने नीट परीक्षा में लहराया परचम



**चरखी दादरी।** जिले के गांव मकड़ाना की होनहार बेटी निधि ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। निधि ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 720 में से 580 अंक हासिल किए हैं, जिससे उनका कुल परसेंटाइल 99.08 रहा। इस शानदार प्रदर्शन के साथ निधि ने 18,104 ऑल इंडिया रैंक हासिल की है। निधि की इस शानदार सफलता पर गांव मकड़ाना में जश्न का माहौल है। ग्रामीणों ने बेटी की इस उपलब्धि पर उनके परिवार को बधाई दी।

### अमेरिका के साथ ट्रेड डील का विरोध

**बाढड़ा।** भारतीय किसान यूनियन की बैठक कस्बे के किसान भवन में जिला अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मौजूद किसानों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ कड़ा रोष जताया और उप-मंडल अधिकारी बाढड़ा के माध्यम से भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। भाकियू जिला अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा ने किसानों की बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि भारत सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की जा रही ट्रेड डील देश के कृषि क्षेत्र के लिए आत्मघाती साबित होगी।

### खंड स्तरीय स्पर्धाः काकड़ौली हुक्मी के खिलाड़ी छाए

**बाढड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काकड़ौली हुक्मी के छात्र-छात्राओं ने 20 से 22 जुलाई तक राजकीय उच्च विद्यालय डालावास में आयोजित बाढड़ा के खंड स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों की एथलेटिक्स एवं खो-खो स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई स्थान अपने नाम किए। विद्यालय के प्राचार्य सतप्रकाश फौगाट ने बताया कि एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में अंडर-14 वर्ग की 600 मीटर दौड़ में विद्यालय की छात्रा निकिता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 वर्ग की 800 मीटर दौड़ में छात्रा भूमिका ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

# हॉकी में बापोड़ा व खरक कला की टीम ने अपने-अपने आयुवर्ग में जीती प्रतियोगिता





भिवानी। स्टेडियम में बालिकाओं से परिचय लेकर प्रतियोगिता शुरू करवाते हुए तथा प्रतियोगिता में हॉकी मैच खेलते हुए और योग करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भीम स्टेडियम में आयोजित खंड स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न खेल स्पर्धाओं में छात्राओं ने जबरदस्त दमखम दिखाया। हॉकी प्रतियोगिता के अंडर-14 एवं अंडर-17 वर्ग में वीर शहीद गिरवर सिंह राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बापोड़ा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-19 हॉकी प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरक कला की टीम विजेता रही। मुक्केबाजी प्रतियोगिता के 42 किलोग्राम भार वर्ग में याशिका प्रथम तथा मुस्कान द्वितीय स्थान पर रहीं। 44–46 किलोग्राम भार वर्ग में मानसी ने प्रथम तथा खुशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में अंडर-14 वर्ग की 80 मीटर बाधा दौड़ में भावना प्रथम, जानवी द्वितीय रहीं तथा गोला फेंक में खुशी प्रथम, आरवी द्वितीय तथा किट्टू ने तीसरा स्थान हासिल किया। उक्त प्रतियोगिता के सभी विजेता जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह गिल के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला खेल अधिकारी भिवानी विद्यानंद यादव, प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी सत्यवान कोच एवं जोनल सचिव खेल शिक्षा प्रवक्ता मदन गोपाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

### बाधा दौड़ में भावना प्रथम रही

शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में अंडर-14 वर्ग की 80 मीटर बाधा दौड़ में भावना प्रथम, जानवी द्वितीय रहीं। गोला फेंक में खुशी प्रथम, आरवी द्वितीय तथा किट्टू तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद में भावना प्रथम, रिया द्वितीय एवं दीपिका तृतीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर दौड़ में खुशी प्रथम, चंचल द्वितीय तथा रितिका तृतीय, 200 मीटर दौड़ में चंचल प्रथम, हिमानी द्वितीय एवं रितिका तृतीय, 400 मीटर दौड़ में दीपिका प्रथम, भावना द्वितीय एवं स्नेहा तृतीय तथा 600 मीटर दौड़ में सिमरन प्रथम, वर्षा द्वितीय एवं सोनिया तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के सफल संचालन में निर्णायक मंडल एवं आयोजन समिति के सदस्य रीमा परमार (प्राचार्य), सीमा सरदाना, वंदना महता, पवन प्रवक्ता, राजेश्वर ढिल्लों, राजवंती, सुधीर मलिक, सुनील कुमार (पीटीआई), राजेश कलिंगा, पवन मिताथल, संजय यादव, नीरज (हॉकी कोच), सुखदेव (डीपीई), रविंद्र बामला, कुसुम प्रवक्ता, दयानंद (डीपीई), सुशीला (डीपीई), अजीत बामला, अनीता खेड़ा, सरिता, शैलेंद्र (पीटीआई), रणवीर, बबीता (डीपीई), पुष्पा (पीटीआई) एवं आशा (पीटीआई) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह गिल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं खेल भावना का विकास करती हैं।



तोशाम। आयोजित प्रतियोगिता में लंबी छलांग लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### दीक्षा ने 600 मीटर दौड़ में मारी बाजी

**तोशाम।** सुरेंद्र सिंह खेल स्टेडियम में आयोजित लड़कियों की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 की 600 मीटर दौड़ में मेगा माइंड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तोशाम की छात्रा दीक्षा ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-17 की 800 मीटर दौड़ में संगम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की रिया विजेता रही। अंडर-19 की 400 मीटर दौड़ में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छपार रांगढ़ाण की रितु ने पहला स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में संडवा की पूनम प्रथम रही। योग, बॉक्सिंग और अन्य स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों ने प्रतिभा दिखाई। खंड शिक्षा अधिकारी विजय सांगवान ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उन्हें और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



बवानीखेड़ा। परिचय लेकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### खंड स्तरीय खेल स्पर्धा में बीके स्कूल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**बवानीखेड़ा।** बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रांगण में खंड-स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ आयोजन किया गया। इस महाकुंभ में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिता का परिणाम कुछ इस प्रकार रहा। बी. के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तर पर तीरंदाजी में अंडर- 14 लड़कों में अरमान आठवीं कक्षा से प्रथम स्थान, देवांश आठवीं कक्षा से तृतीय स्थान पर रहे। अंडर- 14 में लड़कियों में नौवीं कक्षा से मनीष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 में लड़कों में द्वितीय स्थान सिद्धार्थ ने कक्षा ग्यारहवीं से प्राप्त किया। बास्केटबॉल खेल में खंड स्तर पर लड़कियों में अंडर-14 में प्रथम स्थान पर व अंडर -19 में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



बवानीखेड़ा। गांव कुंगड़ में खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र सिंह व उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थी खिलाड़ी।

### 33 खेलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**बवानीखेड़ा।** कुंगड़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सतेंद्र सिंह ने किया। प्रतियोगिता में सरकारी और निजी विद्यालयों के खिलाड़ियों ने 33 खेलों में भाग लिया। पहले दिन कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स, जूडो, रेसलिंग और योग के मुकाबले आयोजित हुए। कबड्डी में अंडर-14 व अंडर-17 वर्ग में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुर की टीम विजेता रही, जबकि अंडर-19 में कुंगड़ की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। खो-खो में पुर और आनंद स्कूल की टीमों ने बाजी मारी। योग में कुंगड़ की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने खेल भावना और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। योग प्रतियोगिता में कुंगड़ की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में जॉनल सचिव डीपीई देवेंद्र अत्री तथा कन्वीनर पीटीआई जगबीर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विद्यार्थियों ने रंगों से चित्रकला पर उकेरी संयुक्त परिवार की अहमियत

- टीआईटी स्कूल में अणुव्रत चित्रकला प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। संयुक्त परिवार की अहमियत की पेंटिंग बनाकर दिखाते विद्यार्थी।

टीआईटी स्कूल में बुधवार को अणुव्रत क्रिएटिविटी चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला और रचनात्मक सोच का प्रदर्शन किया। करीब 60 से 70 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. डीपी कौशिक ने अणुव्रत समिति के प्रतिनिधियों का स्वागत कर किया। उन्होंने रमेश बंसल और नरेश बंसल को सम्मान-पटिका भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का विषय 'तिनके-तिनके लग पड़े हैं, जुड़ना ही परिवार रहा' रखा गया था। विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से संयुक्त परिवार के महत्व, प्रेम, सहयोग और आपसी संबंधों को दर्शाया। जूनियर वर्ग में शांतनु प्रथम, सृष्टि द्वितीय और सोनू तृतीय रहे। सीनियर वर्ग में रितिका प्रथम, विनायक द्वितीय और सिमरन तृतीय स्थान पर रहे।

## 40.50 करोड़ की पेयजल परियोजनाओं को मंजूरी

- कई गांवों में जलघर अपग्रेडेशन, नई पाइप लाइनें और पंपिंग व्यवस्था होगी बेहतर
- हल्कावासियों ने सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



तोशाम। करोड़ो रुपये की योजनाओं को मंजूरी मिलने पर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

तोशाम विधानसभा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए करीब 40.50 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं को मंजूरी मिलने पर क्षेत्रवासियों ने सिंचाई एवं जल संसाधन तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी का आभार जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से गांवों और ढाणियों तक स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होगा तथा वर्षों पुरानी जलापूर्ति संबंधी समस्याओं का समाधान होगा।भाजपा तोशाम संयोजक एडवोकेट हरी सिंह सांगवान सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कहा कि मंत्री श्रुति चौधरी की पहल से हलके में पेयजल व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि गांव कुसुम्भी में 2.57 करोड़ रुपये की लागत से जलघर में नई संरचनाओं का निर्माण और पाइप लाइन बिछाई जाएगी। मालवास देवसर व मालवास कोहाड़ में 4.67 करोड़ रुपये से नए जलघर का निर्माण होगा। इसी प्रकार बागनवाला, ढाब ढाणी, दरियापुर और हेतमपुरा में जलापूर्ति योजनाओं के सुधार और नई पाइप लाइन बिछाने के कार्य किए जाएंगे। जूई कलां में 7.78 करोड़ रुपये से जलापूर्ति योजनाओं का नवीनीकरण होगा, जबकि कैरू प्रथम और द्वितीय में 7.37 करोड़ रुपये से जलघर अपग्रेडेशन तथा पाइप लाइन विस्तार किया जाएगा।इसके अलावा खावा, मंढान, निगाना कलां, निगाना खुर्द, सिढान और थिलौड़ में भी करोड़ों रुपये की लागत से पाइप लाइन, जलघर और पंपिंग व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा।

### बुजुर्गों की देखभाल को लेकर राह ग्रुप फाउंडेशन का प्रदेशव्यापी अभियान जारी

**भिवानी।** बुजुर्गों के सम्मान, स्वास्थ्य एवं अधिकारों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राह ग्रुप फाउंडेशन द्वारा पूरे प्रदेश में विशेष जनजागरूकता एवं सेवा अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को आयु संबंधी बीमारियों की रोकथाम, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा विभिन्न सुविधाओं का लाभ दिलाने का कार्य किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए राह ग्रुप फाउंडेशन के सदस्य अभिमन्यु एवं आरती बापोड़ा ने बताया कि संस्था द्वारा बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की पेंशन बनवाने, हरियाणा रोडवेज के आधा किराया (रियायत) कार्ड बनवाने, आवश्यक प्रमाण-पत्र तैयार करवाने तथा अन्य सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने में लगातार सहयोग किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर बुजुर्गों की चिकित्सा जांच भी कराई जाती है तथा प्रत्येक वर्ष वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### दक्षिण एशियाई कराटे चैंपियनशिप में भिवानी के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**भिवानी।** बांग्लादेश में 10वीं कैडेट, जूनियर, अंडर-21 एवं सीनियर साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में भिवानी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए पदक हासिल किए।



महम रोड निवासी भारतीय कराटे टीम के खिलाड़ी अर्जुननाथ ने सीनियर एकल काता स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीतकर देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। वहीं भिवानी के खिलाड़ी अमन कुमार ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए मेल टीम कुमिते स्पर्धा में शानदार खेल दिखाकर रजत पदक अपने नाम किया। अर्जुननाथ ने बताया कि प्रतिष्ठित दक्षिण एशियाई प्रतियोगिता गत 15 से 19 जुलाई तक बांग्लादेश में हुई, जिसमें भारत सहित दक्षिण एशिया के कई देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। दूसरी ओर दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खेलप्रेमियों व कराटे प्रशिक्षको ने खुशी प्रकट की है।

### एचडी स्कूल के विद्यार्थियों ने लिया तिरंगे के सम्मान का संकल्प

**चरखी दादरी।** गांव बिरोहड़ स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में बुधवार को राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट किया तथा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सभा में विद्यार्थियों को भारतीय तिरंगे के इतिहास, महत्व और सम्मान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने बताया कि 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने तिरंगे को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया था। इसी ऐतिहासिक निर्णय की स्मृति में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस मनाया जाता है। विद्यार्थियों को तिरंगे के तीनों रंगों - केसरिया, सफेद और हरे के महत्व के साथ मध्य में स्थित 24 तीलियों वाले अशोक चक्र के संदेश को सरल एवं प्रेरक ढंग से समझाया गया।





### साइंस मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में झेलम सदन रहा प्रथम

**भिवानी।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में प्राचार्या डॉ. निर्मला नीतू के मार्गदर्शन में इंटर हाउस साइंस मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने स्मार्ट सिटी, एआई असिस्टेंट, स्मार्ट हेल्थ मॉनिटर, फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सिस्टम, हाइड्रोइलेक्ट्रिसिटी और रिन्यूएबल रिसोर्स जैसे कई वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल में शिक्षक अनिल कुमार अरोड़ा, हरीश हंस, सुमित्रा और आशीष कुमार शामिल रहे। प्रतियोगिता में झेलम सदन के विद्यार्थियों द्वारा तैयार स्मार्ट सेफ्टी सिस्टम मॉडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यमुना सदन का स्मार्ट हेल्थ मॉनिटर मॉडल द्वितीय और झेलम सदन का स्मार्ट वेस्ट सेग्रीगेशन सिस्टम मॉडल तृतीय रहा। ओवरऑल प्रतियोगिता में झेलम सदन प्रथम स्थान पर रहा।

### नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश, लोगों को किया जागरूक

**बवानीखेड़ा।** नगरपालिका बवानीखेड़ा की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 के तहत विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वच्छता जन-जागरूकता गतिविधि टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक और जनसभा के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कलाकारों ने संदेश दिया कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई बनाए रखने और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में पार्षद अशोक, रिंकू, बलराम, पवन कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**योजना** यात्रियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए रेलवे ने तेज की तैयारी

# चरखी दादरी रेलवे स्टेशन पर बनेगा दूसरा फुट ओवरब्रिज, 7.16 करोड़ होंगे खर्च

400 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा होगा नया फुट ओवरब्रिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

- साइट पर पहुंचने लगी निर्माण सामग्री जल्द शुरू होगा काम



चरखी दादरी। दादरी रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज के लिए पहुंचाया गया सामान।

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ती संख्या और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल ने दूसरे फुट ओवरब्रिज (एफओबी) के निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी है। करीब 7.16 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस ओवरब्रिज के लिए प्रारंभिक तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। निर्माण कार्य से जुड़ी एजेंसी ने साइट पर लोहे की केबल ट्रे सहित आवश्यक सामग्री पहुंचानी शुरू कर दी है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, नए एफओबी का उद्देश्य यात्रियों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है। तकनीकी टीम भी निर्माण स्थल का निरीक्षण कर चुकी है। स्टेशन पर प्रस्तावित फुट ओवरब्रिज लगभग 400 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा होगा। इसकी चौड़ाई अधिक होने से व्यस्त समय और त्योहारों के दौरान भी यात्रियों की आवाजाही सुचारु बनी रहेगी।

### बेहतर संपर्क मिलेगा

स्टेशन के एक छोर से दूसरे छोर तक बेहतर संपर्क मिलने से प्लेटफॉर्म बदलने में आसानी होगी और भीड़ का दबाव भी कम होगा। वर्तमान में दादरी रेलवे स्टेशन पर केवल एक ही फुट ओवरब्रिज है। एक साथ कई ट्रेनों के आने पर यात्रियों को प्लेटफॉर्म बदलने में परेशानी होती है। कई लोग समय बचाने के लिए रेलवे ट्रैक पार करने का जोखिम उठाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। नए एफओबी के निर्माण के बाद यात्रियों को पटरियां पार करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित होगी। रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन 34 पेसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव होता है। इन ट्रेनों से रोजाना पांच हजार से अधिक यात्री यात्रा करते हैं। अधिकारियों का कहना है कि दूसरे फुट ओवरब्रिज का निर्माण पूरा होने के बाद यात्रियों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी।

### डीईओ ने डोहका हरिया खेल स्टेडियम में सुविधाओं का जायजा लिया

**बाढड़ा।** आगामी 28 जुलाई से शुरू होने वाले जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी ने गांव डोहका हरिया के चौधरी सुबे सिंह खेल स्टेडियम में पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी की अगुवाई में शिक्षा व खेल विभाग के प्रशिक्षकों के साथ खेल स्टेडियम पहुंचकर स्वयं सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया ताकि आने वाले खिलाडियों को खेल आयोजन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े और इन जिला स्तरीय खेलों का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। उन्होंने खेल की व्यवस्थाओं, खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को स्पर्धाओं से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना नहीं करना पड़े।